


दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में तिलोनियां बेयरफुट कॉलेज की महिलाओं को वूमेन इनोवेशन फॉर मोबाइल अवार्ड 2011 प्रदान करते मोबाईल कंपनी के सीईओ।

बेयरफुट कॉलेज को

# वुमेन इनोवेशन फॉर मोबाइल अवार्ड

सुरेंद्र वैष्णव | हरमाड़ा-तिलोनिया

समाज कार्य व अनुसंधान केंद्र बेयरफुट कॉलेज तिलोनियां को वुमेन इनोवेशन फॉर मोबाइल अवार्ड 2011 प्रदान किया गया। ये पुरस्कार बेयरफुट कॉलेज तिलोनियां के अलावा दो अन्य संस्थाओं को भी दिया गया।

दिल्ली स्थित इंडिया हेब्बीटेट सेंटर में आयोजित एक समारोह में वोडाफोन की सीईओ लोरा ने पुरस्कार तिलोनियां बेयरफुट कॉलेज में ग्रामीण महिलाओं द्वारा आधुनिक तकनीकी के साथ काम करने को ध्यान में रखते हुए दिया गया। पुरस्कार में 13 लाख रुपए का चैक व एक प्रशस्ति पत्र दिया गया। ये पुरस्कार कॉलेज की महिला कार्यकर्त्ता बाटा भूरजी (मोना) ललिता देवी व नौरती बाई ने ग्रहण किया।

## अंतिम तीन में बनाई जगह

वुमेन इनोवेशन फॉर मोबाईल अवार्डस 2011 के लिए पूरे भारत वर्ष से 600 प्रविष्टियां आई थी। उनमें से 12 प्रविष्टियां का चयन किया गया और उनमें से फिर तीन प्रविष्टियां का चयन किया गया था। जिनमें बेयरफुट कॉलेज तिलोनियां व गुजरात की सेवा संस्था के अलावा एक अन्य संस्था को भी ये अवार्ड्स दिया गया। इस अवार्ड्स समारोह में भारत की संस्थाओं के अलावा भी अफ्रीका, श्रीलंका, भुटान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान सहित कई देशो की संस्थाओं के लोग व कार्यकत्ता भी मौजूद थे।



पुरस्कार वितरण समारोह में प्रस्तुति देते जोखिम चाचा।

## बताए अनुभव

कॉलेज की कार्यकर्त्ता बाटा भूरजी ललिता देवी, नौरती बाई ने समारोह के दौरान अपने अनुभव सुनाते हुए बताया कि वर्तमान में मोबाइल के आने से किस प्रकार जिंदगी में बदलाव आया है। आज महिलाएं मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए किस प्रकार अपने कार्य में नयापन लाते हुए आसान बना रही है। बेयरफुट कॉलेज के संचार टीम के मुख्य पात्र जोखिम चाचा ने जब इंडिया हेब्बी टेट सेंटर में जब बेयरफुट कॉलेज के कार्यों अपना परिचय दिया तो समारोह में उपस्थित देशी-विदेशी मेहमानों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर जोखिम चाचा ने उपस्थित जनसमुदाय से रोचक सवाल किए। कई विदेशी महमानों ने जोखिम चाचा के एक-एक अंदाज को अपने कैमरे में कैद किया। इस तरह का अवार्ड तिलोनियां बेयरफुट कॉलेज ग्रीन ऑस्कर, एल्कॉन, ब्ल्यू प्लेनेट, जमनालाल बजाज सहित अन्य अवार्ड मिल चुके है।